हिन्दुस्त

कोचाधामन में जैव विविधता प्रबंधन कमिटी का गठन

सोमवार को कोचाधामन प्रखंड मुख्यालय में बैठक के दौरान उपस्थित बीपीआरओ।

बिशनपुर, निज संवाददाता। कोचाधामन प्रखंड में जैव विविधता प्रबंधन समिति का सोमवार को गठन किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति सह प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मो. जफर इकबाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रखंड व पंचायत स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन किया गया।

इस बाबत बीपीआरओ मो. जफर इकबाल ने बताया कि प्रखंड स्तर तथा पंचायत स्तर पर सभी पंचायतों में जैव विविधता प्रबंधन समिति के तहत 07 सदस्यीय कमिटी का गठन किया जाना है, जिसके तहत पंचायतों में जैव विविधता के विषय पर कार्य करेगी। जैव विविधता प्रबंधन समिति का कार्य अपने क्षेत्र में विलुप्त हो रही कोई जीव जंतु, पशु, पक्षी, नदी, नहर की जानकारी देना तथा क्षेत्र में मिलने वाली औषधीय उपयोग के जड़ी बूटी आदि व अन्य जैव विविधता संसाधनों की सूचना को संग्रहित करना तथा विलुप्त हो रहे प्रजातियों को बचाने को लेकर प्रयास करना है। बीपीआरओ ने बताया कि कमिटी के द्वारा दिये रेपोर्ट के आधार पर जैव विविधता के उपलब्ध संसाधनों की सूचना संग्रहित कर जिला व राज्य मुख्यालय भेजा जाएगा। प्रखंड स्तरीय कमिटी में प्रमुख, उपप्रमुख, बीपीआरओ, पंचायत स्तरीय कमिटी में पंचायत सचिव व समाज के बुद्धिजीवियों को शामिल किया गया है। बैठक में बीपीआरओ मो. जफर इकबाल, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जवादुल हक, उप प्रमुख प्रतिनिधि सद्दाम भारती, पंसस प्रतिनिधि पांडव कुमार, मंजूर आलम, वाहिद आलम सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

यह महत्वपूर्ण क्यों

जैव विविधता एक पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य का प्रमुख संकेतक है । बड़ी आबादी में सीमित संख्या की तुलना में विभिन्न प्रकार की प्रजातियां खतरों से बेहतर तरीके से निपट सकती हैं। भले ही कुछ प्रजातियाँ प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हों।

जैव विविधता का उद्येश्य

जैव विविधता हानि से निपटने के उद्देश्य से स्थानीय और क्षेत्रीय परियोजनाओं का समर्थन करें । कम उत्पाद खरीदना और यह सुनिश्चित करना कि आप जो उत्पाद खरीदते हैं, वे जैव विविधता पर प्रभाव को कम करते हैं। जैव विविधता को बढ़ावा देने वाले निवेश करना।